कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज, झाँसी

संख्या /नियुक्ति/ट्रामा/2024/एस0सी0–1 दिनांक 20/6/2024

विज्ञापन

इस कार्यालय के डायरी संख्या 4615 दिनांक 20–06–2024 के कम में इस चिकित्सा महाविद्यालय में रेजीडेन्सी योजना के शासनादेश संख्या 5/2016/10/71–1–2016 जी–309/2008 चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 11–जनवरी–2016 एवं भारत का राजपत्र राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली 14 फरवरी 2022 के अन्तर्गत ट्रामा सेन्टर के संचालन हेतु विभिन्न जूनियर रेजीडेन्ट के प्रथम वर्ष के पदों पर **वेतन मेट्रिक्स के लेविल–10 का वेतनमान 56100–177500 में छात्रवेतन रूपये 56100/**–एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा समय समय पर स्वीकृत अन्य भत्तों के साथ मेडिकल ग्रेजुएट अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर दिनांक **25–06–2024 को सायः 05:00** बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

कम सं0 पद का नाम पद

1– जूनियर रेजीडेन्ट प्रथम वर्ष – (दस पद) (अनारक्षित–4, अन्य पिछड़ा वर्ग–3, अनुसूचित जाति –02, ई0डब्लू0एस0–01)

इन पदो पर आवेदन की अर्हतायें निम्नलिखित है।

1–एम0बी0बी0एस0 परीक्षा वर्ष 2019 या उसके पश्चात के उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र होंगे। इस चिकित्सा महाविद्यालय से एम0बी0बी0एस0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी को वरियता दी जायेगी।

2–अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए।

3–**महानिदेशालय/शासन से अन्य कोई अभ्यर्थी तैनात किये जाने / अन्य दिशा निर्देश प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जायेंगी।**

4–आवेदक को मेडिकल कौन्सिल ऑफ इण्डिया/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल कौन्सिल में स्थाई पंजीकृत होना चाहिए।

5–साक्षात्कार हेतु यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं है। यह नियुक्तियॉ पूर्णतः अस्थाई है एवं दिनांक **31–03–2025** तक के लिए की जायेंगी।जिसे दिनॉक **30–06–2025** तक बढ़ाया जा सकता है।

6–यह नियुक्तियॉ बिना कोई कारण बताये कभी भी बिना पूर्व सूचना के नियुक्ति अवधि से पूर्व भी निरस्त की जासकती है।

7–नियुक्तियॉ, सेवा समाप्तिया इससे संबंधित किसी अन्य प्रकार के विवादास्पद मामले में प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम होगा और इस संबंध में किसीभी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई वाद नहीं बनेगा ।

8–अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने पद से त्यागपत्र देने पर उसे एक माह का अग्रिम नोटिस अथवा एक माह का वेतन जमा करना होगा।

9–अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक **28–06–2024 को दोपहर 12:00** बजे कालेज के समिति कक्ष में होगा । अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु समय से उपस्थित हो ।

10–साक्षात्कार हेतु यात्रा भत्ता अनुमन्य नही होगा।

आवेदन पत्र (निर्धारित प्रारुप) पर अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, स्थाई एवं पत्र व्यवहार का पता, शैक्षिक योग्यता का पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का एक फोटो तथा समस्त शैक्षणिक (हाईस्कूल का प्रमाण पत्र, इन्टरमीडिएट की अंकतालिका, एम0बी0बी0एस0 की अंकतालिकाएं, इन्टर्नशिप प्रमाण पत्र, एम0बी0बी0एस0 का रजिस्ट्रेंशन, एम0बी0बी0एस0 की उपाधि।)एवं अन्य प्रमाण पत्रों (जाति प्रमाण पत्र, एन0ओ0सी0 इत्यादि लागू होने की दशा मे) की प्रमाणित प्रतियॉ संलग्न होना चाहिए । निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्र एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

प्रधानाचार्य,
म0ल0बा0 मेडिकल कालेज,
झाँसी ।

संख्या 1554 /नियुक्ति/ट्रामा/एस0सी0–1 तदिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– समस्त विभागाध्यक्ष । 2– नोटिस बोर्ड, छात्रानुभाग/ कालेज एवं समस्त छात्रावास ।

3– प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,मेडिकल कालेज चिकि0,झॉसी। 4– महानिदेशक, चि0शि0 एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।

5– प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज कानपुर/मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/गोरखपुर/ आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर, बॉदा, बदायूॅ को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।

6– कुलसचिव, सी0एस0एम0 (के0जी0) मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ सैफई, इटावा को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें। ।

7 –स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज, अयोध्या,शाहजहांपुर, देवरिया/एटा/फतेहपुर/गजीपुर/ हरदोई/मीरजापुर /प्रतापगढ़/ सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।

8– प्रभारी अधिकारी वेवसाइट को इस आशय से कि उपरोक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
म0ल0बा0 मेडिकल कालेज,
झाँसी ।